कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल

E.S.I.C. Model Hospital

(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)

Ministry of Labour & Employment, Government of India)

लक्ष्मी नगर, अजमेर रोड, जयपुर - 302006

दूरभाष सं. - 0141-2228040 ई-मेल - ms-jaipur.rj@esic.gov.in

एसिक पखवाड़ा – 2024 के दौरान
इस अस्पताल में प्रतिदिन आयोजित की जा रही विविध गतिविधियों की रिपोर्ट

क्र.सं.	आयोजन तिथि	विभाग का नाम	गतिविधि - विवरण
1.	13.02.2024	श्वसन रोग विभाग	श्वसन रोग विभाग द्वारा अस्पताल परिसर और औद्योगिक समूहों में स्वास्थ्य शिविर, विभिन्न विषयों पर स्वास्थ्य वार्ता और पैम्फलेट वितरण, पोस्टर प्रस्तुति जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। विभाग द्वारा 'तंबाकू और मानव शरीर पर इसके हानिकारक प्रभाव' पर एक विशेष श्वसन रोग स्वास्थ्य चर्चा/वार्ता का आयोजन किया गया है। इसमें मरीजों और उनके संबंधितों को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों और इसके विभिन्न रूपों के बारे में बताया गया।
2.	14.02.2024	नेत्र रोग विभाग	नेत्र रोग विभाग द्वरा कंप्यूटर विज़न सिंड्रोम पर जागरूकता वार्ता/चर्चा का आयोजन किय गया। इसमें लगभग 100 बीमित व उनके परिजन उपस्थित थे। जागरूकता वार्ता का प्राथमिक उद्देश्य उपस्थित लोगों को कंप्यूटर विज़न सिंड्रोम (सीवीएस) के लक्षणों, संकेतों, रोकथाम और उपचार के बारे में शिक्षित करना था, जिसे डिजिटल उपकरणों के लंबे समय तक उपयोग के कारण होने वाले डिजिटल आई स्ट्रेन के रूप में भी जाना जाता है। इस दौरान मरीजों को कंप्यूटर विज़न सिंड्रोम का परिचय दिया गया तथा सीवीएस के लक्षण और संकेत, लंबे समय तक स्क्रीन टाइम से जुड़े जोखिम कारक, सीवीएस के लिए निवारक उपाय, उपचार के विकल्प और नेत्र देखभाल युक्तियों के बारें में बताया गया।
3.	15.02.2024	शल्य रोग विभाग	अस्पताल के शल्य रोग विभाग द्वारा 'जलना (बर्न)' विषय पर एक स्वास्थ्य चर्चा का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में कुल 25-30 मरीजों ने भाग लिया।
4.	15.02.2024	बाह्य जाँच शिविर	अस्पताल द्वारा उत्तम इलैक्ट्रिकल, वी.के.आई., जयपुर में एक जाँच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 74 मरीजों द्वारा भाग लिया गया। इस दौरान मरीजों की स्वास्थ्य जाँच की गयी तथा योगा प्रशिक्षण दिया गया। जाँच के दौरान विभिन्न बीमारियों के लक्षणों वाले मरीजों/बीमितों को उचित परामर्श प्रदान किया गया।
5.	15.02.2024	नाक,कान व गला विभाग	अस्पताल के नाक, कान व गला विभाग द्वारा 'बहरेपन' विषय पर एक स्वास्थ्य चर्चा का आयोजन किया गया जिसमें इसके उपायों व उपचार के बारें में बताया गया। इस दौरान कुल 47 मरीजों का ऑडियोमैट्री (श्रव्य क्षमता) की जाँच की गयी। विभाग द्वारा बच्चों, युवाओं और बूढ़ों सभी आयु समूहों में बहरेपन के संभावित कारणों के बारें में बताया गया तथा बीमितों को बहरेपन से संबंधित लक्षणों की देखभाल करने के तरीके के बारे में शिक्षित किया। साथ ही यह भी बताया गया कि सर्जिकल और रूढ़िवादी उपायों से बहरेपन का इलाज कैसे किया जाए।
6.	16.02.2024	अस्पताल प्रशासन	अस्पताल प्रशासन द्वारा बीमित रोगी एवं उनके परिजनों की अस्पताल से संबंधित समस्याओं को सुना तथा मौके पर ही उनकी सभी समस्याओं का निस्तारण किया। इस, कार्यक्रम में कुल 150 बीमित व उनके परिजन उपस्थित थे। इस दौरान सभी उपस्थित बीमितों को दवाई मिलने में होने वाली परेशानी तथा उनके पुनर्भरण की प्रक्रिया के बारें में बताया गया।
7.	16.02.2024	दंत रोग विभाग	पखवाड़े के चौथे दिन दंत रोग विभाग द्वारा दांतो व मसूड़ों की देखभाल व इनमें होने वाले रोगों की रोकथाम के लिए एक स्वास्थ्य चर्चा का आयोजन किया गया। इस दौरान संबंधित दवाओं/उपायों तथा बच्चों, युवाओं और वृद्ध मरीजों को दांतों को ब्रश करने की तकनीक के बारें में बताया गया। इस कार्यक्रम में कुल 27 मरीजों ने भाग लिया।

शल्य ओ.पी.डी.
SURGERY O.P.D.

शल्य ओ.पी.डी.
SURGERY O.P.D.

शल्य ओ.पी.डी.
SURGERY O.P.D.

शल्य ओ.पी.डी.
SURGERY O.P.D.

COMPUTER VISION SYNDROME
HOW TO AVOID EYE STRAIN
COMPUTER VISION SYNDROME:
EYE STRAIN
ESIC Model Hospital, Jaipur
SOHA LIQUIGEL EYE DROP
MILFLODEX EYE DROP
ईएनटी और नेत्र ओ.पी.डी.
ENT & EYE O.P.D.

Beedi Workers &
BHJANGANJ
Calvin Klein

SPECIAL HEALTH CHECK-UP CAMP
Beedi Workers & Brick Kiln Workers
BHJANGANJ - AJMER
CONDUCTED BY
ESIC MODEL HOSPITAL

SPECIAL HEALTH CHECK-UP CAMP
Beedi Workers & Brick Kiln Workers
BHJANGANJ - AJMER
CONDUCTED BY
ESIC MODEL HOSPITAL

133
WAITING AREA

समृद्धि

योग से स्वास्थ्य, स्वास्थ्य से

प्रतीक्षा क्षेत्र
WAITING AREA

प्रतीक्षा क्षेत्र
WAITING AREA